ECO-4

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2007

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-4 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*
*(Weightage 70%)*

**Note :** *Attempt any **four** questions from Section A, including question no. 1 which is **compulsory**, and **both** the questions from Section B. Give working notes also where necessary.*

## SECTION A

**1.** Attempt any ***three*** questions from the following : 5, 5, 5

(a) How do you deal with preliminary expenses in the final accounts of a company ?

(b) State the rules relating to redemption of preference shares.

(c) Explain the rule of Garner vs. Murray with an example.

(d) Define goodwill and state any three factors affecting goodwill.

(e) Distinguish between hire purchase system and instalment payment system.

**2.** C and D company has its head office at Delhi and branch at Patna. The branch sells on cash as well as on credit. With the help of the following information prepare Patna Branch Account in the books of head office : *20*

| | *Rs.* |
|---|---|
| Closing stock at branch (31-3-06) | 60,000 |
| Opening stock at branch (1-4-05) | 1,00,000 |
| Opening debtors (1-4-05) | 50,000 |
| Opening balance of Petty cash | 300 |
| Goods received from H.O. | 3,40,000 |
| Credit sales | 3,00,000 |
| Cash sales | 2,00,000 |
| Cash received from debtors | 1,00,000 |
| Cash sent from H.O. for expenses | 20,000 |
| Goods returned to H.O. | 5,000 |
| Goods returned by customers | 30,000 |
| Discount allowed to customers | 5,000 |
| Bad debts | 15,000 |
| Goods in transit from H.O. as on 31 March, 2006 | 10,000 |
| Petty cash at the end | 2,300 |

3. (a) What are the advantages of keeping branch accounts ?

(b) Z bought a machine from a hire-vendor on hire-purchase basis. He paid Rs. 6,000 cash down and is to pay Rs. 6,400 at the end of the first year, Rs. 8,900 at the end of the second year, and Rs. 8,800 at the end of the third year. All the instalments are inclusive of interest @ 10% per annum. Calculate the cash price of the machine and prepare Hire-Vendor's Account in the books of Z. *6, 14*

4. Following is the balance sheet of A and B who share profits and losses equally :

**Balance Sheet as on 31-3-2006**

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Capital | | Machinery | 45,000 |
| A | 50,000 | Plant | 50,000 |
| B | 35,000 | Debtors | 12,500 |
| Creditors | 15,000 | Cash at bank | 12,500 |
| A's Loan | 20,000 | | |
| | 1,20,000 | | 1,20,000 |

They decided to dissolve the firm. Assets realised as follows :

Plant 10% less than book value; Machinery 20% less than book value; and Debtors Rs. 10,000. The creditors were paid off at a discount of 10%.

Prepare the necessary accounts for dissolution assuming that the cost of liquidation amounted to Rs. 2,500. *20*

**5.** (a) The following is the balance sheet of Saran Brothers on a date when a company was formed to acquire the firm's business :

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Capital | 9,50,000 | Goodwill | 70,000 |
| Creditors | 1,20,000 | Tangible Assets | 10,00,000 |
| | 10,70,000 | | 10,70,000 |

The company agreed to take over the tangible assets at Rs. 9,00,000 and refused to accept the creditors. The purchase consideration was agreed to be discharged by the issue of 42,500 equity shares of Rs. 100 each and the balance by the issue of 6% debentures at a discount of 5%.

Give journal entries in the books of the company and prepare its balance sheet.

(b) Describe the accounting treatment of debentures issued as a collateral security by the company. *14, 6*

**6.** (a) Define Fund Flow Statement. State the main sources and application of funds.

(b) The total capital employed in a company is Rs. 1,70,00,000 out of which Rs. 1 crore represents equity capital and reserves, Rs. 50 lakh long term borrowings in the form of debentures and Rs. 20 lakh bank overdraft.

The current assets of the company are Rs. 85 lakh made up of stock Rs. 30 lakh, debtors Rs. 35 lakh and advances Rs. 14 lakh, and cash Rs. 6 lakh. Compute

(i) Current Ratio

(ii) Quick Ratio, and

(iii) Debt Equity Ratio. *8, 12*

## SECTION B

*Attempt **both** the following questions.*

**7.** Define auditing. Discuss the main advantages of an auditing programme. *3, 7*

**OR**

Distinguish between errors and frauds in books of account. Give illustration of each and explain how these can be prevented. 5, 5

**8.** Write short notes on any ***three*** of the following : 5, 5, 5

(a) Internal check

(b) Statutory audit

(c) Verification of stock

(d) Vouching of cash purchases

(e) Routine checking

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# सत्रांत परीक्षा
# जून, 2007

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-4 : लेखाविधि-II

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*
*(कुल का 70%)*

**नोट :** *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए, जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो जो कि **अनिवार्य** है तथा खण्ड ख से **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । जहाँ आवश्यक हो कार्यकारी टिप्पणियाँ भी दीजिए ।*

### खण्ड क

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5, 5, 5

(क) किसी कम्पनी के अन्तिम लेखों में प्रारम्भिक व्यय किस प्रकार दिखाए जाते हैं ?

(ख) पूर्वाधिकार शेयरों के शोधन सम्बन्धी नियमों का उल्लेख कीजिए ।

(ग) गार्नर बनाम मर्रे नियम की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए ।

(घ) ख्याति की परिभाषा कीजिए तथा ख्याति को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए ।

(ङ) अवक्रय प्रणाली तथा किश्त भुगतान प्रणाली में अन्तर बताइए ।

**2.** सी एण्ड डी कम्पनी का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है और शाखा पटना में । यह शाखा नकद तथा उधार दोनों तरह की बिक्री करती है । निम्नलिखित सूचना के आधार पर मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में पटना शाखा खाता बनाइए । 20

| | रु. |
|---|---:|
| ब्रांच में अन्तिम स्टॉक (31-3-06) | 60,000 |
| ब्रांच में प्रारम्भिक स्टॉक (1-4-05) | 1,00,000 |
| प्रारम्भिक देनदार (1-4-05) | 50,000 |
| खुदरा रोकड़ का प्रारम्भिक शेष | 300 |
| मुख्य कार्यालय से प्राप्त माल | 3,40,000 |
| उधार विक्रय | 3,00,000 |
| नकद विक्रय | 2,00,000 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 1,00,000 |
| व्ययों के लिए मुख्य कार्यालय द्वारा भेजी गई राशि | 20,000 |
| मुख्य कार्यालय को लौटाया माल | 5,000 |
| ग्राहकों ने लौटाया माल | 30,000 |
| ग्राहकों को दी गई कटौती | 5,000 |
| अप्राप्य ऋण | 15,000 |
| 31 मार्च, 2006 को मुख्य कार्यालय द्वारा भेजा गया माल मार्ग में | 10,000 |
| वर्ष के अन्त में खुदरा रोकड़ का शेष | 2,300 |

3. (अ) शाखा लेखे रखने के क्या लाभ हैं ?

(ब) Z ने एक किराया-विक्रेता से अवक्रय पद्धति के अन्तर्गत एक मशीन खरीदी । उसने 6,000 रु. तुरन्त भुगतान किए और 6,400 रु. प्रथम वर्ष के अन्त में, 8,900 रु. दूसरे वर्ष के अन्त में, तथा 8,800 रु. तीसरे वर्ष के अन्त में भुगतान करने हैं । सभी वार्षिक किश्तों में 10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज की रकम शामिल है । मशीन का नकद मूल्य ज्ञात कीजिए तथा Z की पुस्तकों में किराया-विक्रेता का खाता तैयार कीजिए । *6, 14*

4. निम्नलिखित बैलेंस शीट A तथा B साझेदारों की है जो लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते हैं :

**31-3-2006 को बैलेंस शीट**

| देयताएँ | रु. | परिसम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | मशीनरी | 45,000 |
| A | 50,000 | प्लांट | 50,000 |
| B | 35,000 | देनदार | 12,500 |
| लेनदार | 15,000 | बैंक शेष | 12,500 |
| A का ऋण | 20,000 | | |
| | 1,20,000 | | 1,20,000 |

उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय किया । परिसम्पत्तियों से ये राशियाँ वसूल हुईं :

प्लांट पर पुस्तक मूल्य से 10% कम; मशीनरी पर पुस्तक मूल्य से 20% कम; तथा देनदारों से 10,000 रु. । लेनदारों की 10% छूट पर भुगतान किया गया ।

विघटन की लागत 2,500 रु. मानते हुए विघटन सम्बन्धी आवश्यक खाते तैयार कीजिए । *20*

**5.** (अ) जिस दिन कम्पनी सरन ब्रदर्स के व्यवसाय के अधिग्रहण के लिए बनी, फर्म की बैलेंस शीट निम्नलिखित थी :

| देयताएँ | रु. | परिसम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| पूँजी | 9,50,000 | ख्याति | 70,000 |
| लेनदार | 1,20,000 | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 10,00,000 |
| | 10,70,000 | | 10,70,000 |

कम्पनी ने मूर्त परिसम्पत्तियाँ 9,00,000 रु. में लेने का निर्णय लिया और लेनदार स्वीकार नहीं किए । क्रय प्रतिफल के भुगतान के लिए कम्पनी ने 100 रु. प्रति शेयर वाले 42,500 ईक्विटी शेयर तथा शेष के लिए 5% छूट पर 6% ऋणपत्र दिए ।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा उसकी बैलेंस शीट बनाइए ।

(ब) एक कम्पनी द्वारा समर्थक ऋणाधार (collateral security) के रूप में निर्गमित किए गए ऋणपत्रों को लेखा पुस्तकों में किस प्रकार रिकॉर्ड किया जाता है ? *14, 6*

6. (अ) कोष प्रवाह विवरण की परिभाषा दीजिए । कोष के मुख्य स्रोतों तथा उपयोगों का उल्लेख कीजिए ।

(ब) एक कम्पनी की कुल विनियोजित पूँजी 1,70,00,000 रु. है, जिसमें 1 करोड़ रु. की ईक्विटी पूँजी तथा रिजर्व्ज़ हैं, 50,00,000 रु. ऋणपत्रों के रूप में दीर्घकालीन ऋण है, तथा 20 लाख रु. का बैंक ओवरड्राफ्ट है ।

कम्पनी की चालू परिसम्पत्तियाँ 85 लाख रु. की हैं जिसमें 30 लाख रु. का स्टॉक, 35 लाख रु. के देनदार तथा 14 लाख रु. की अग्रिम राशि (advances) तथा 6 लाख रु. रोकड़ शेष हैं । कम्पनी के (i) चालू अनुपात, (ii) तरल अनुपात, तथा (iii) ऋण ईक्विटी अनुपात की गणना कीजिए । *8, 12*

## खण्ड ख

*निम्नलिखित **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

**7.** अंकेक्षण की परिभाषा दीजिए । अंकेक्षण कार्यक्रम के प्रमुख लाभों की चर्चा कीजिए । *3, 7*

**अथवा**

लेखा पुस्तकों में होने वाली अशुद्धियों तथा छल-कपटों में अन्तर बताइए । प्रत्येक के उदाहरण दीजिए तथा यह भी समझाइए कि उनकी रोकथाम कैसे की जा सकती है । *5, 5*

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *5, 5, 5*

(क) आन्तरिक निरीक्षण

(ख) वैधानिक अंकेक्षण

(ग) स्टॉक का सत्यापन

(घ) नकद क्रय का प्रमाणन

(ङ) नैत्यक जाँच